B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

PERIODIC_TEST- 01 (2025-26)
HINDI (085)
MARKING SCHEME

Class : IX | Date : 04.07.2025 | Admission No.:
Duration : 1 Hrs | Max. Marks : **25** | Roll No.:

भाग 'क' : अपठित गद्यांश (07 अङ्क)

प्रश्न 01 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

[1] लेखक के अनुसार समृद्धि और आध्यात्मिक में क्या संबंध है? 1 अंक
घ] समृद्धि अध्यात्म से बेहतर है

[2] भौतिक शब्द का विलोम शब्द क्या है? 1 अंक
क] अभौतिक

[3] समृद्धि को आवश्यक क्यों बताया गया है? 1 अंक
घ] उपरोक्त सभी

[4] भौतिक वस्तुओं की इच्छा के बारे में लेखक का क्या मत है ? 2 अंक
उत्तर - भौतिक वस्तुओं की इच्छा रखना बुरी बात नहीं है।

[5] लेखक ने प्रकृति का क्या स्वभाव बताया है? 2 अंक
उत्तर - प्रकृति कोई भी काम आधे अधूरे मन से नहीं करती है।

भाग 'ख' : व्याकरणम् (06 अङ्क)

प्रश्न 02 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6 अंक

[1] शब्द को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
उत्तर - वर्णों के सार्थक एवं स्वतंत्र समूह को शब्द कहते है। उदा . पुस्तक

[2] पद से क्या अभिप्राय है?
उत्तर - जब शब्द का प्रयोग वाक्य में किया जाता है,तब वही शब्द पद कहलाता है। पुस्तक मेज़ पर रखी है।

[3] अनुस्वार के लिए निर्मित चिन्ह और उसके प्रयोग के विषय में बताइए।
उत्तर - छात्र अनुस्वार का चिन्ह बिंदी के रूप में लगाकर कोई एक नियम लिखेंगे।

[4] पाच उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कीजिए।
उत्तर - पाँच

[5] उपसर्ग किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए
उत्तर - शब्दों के प्रारंभ में जुड़कर उनके अर्थ में विशेषता उत्पन्न करने वाले शब्दांशो को उपसर्ग कहते हैं ।
उदा. - कुपुत्र

[6] दर्शनीय शब्द में मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए।
उत्तर - दर्शन - मूलशब्द , ईय - प्रत्यय

[7] संधि किसे कहते है?उनके कितने भेद होते है?
उत्तर - दो समीपवर्ती वर्णों के मेल से जो परिवर्तन होता है उसे संधि कहते हैं।
संधि के तीन प्रकार होते हैं -स्वर संधि, व्यंजन संधि, विसर्ग संधि

भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक (07 अङ्क)

प्रश्न 03) पूछे गए प्रश्नों के उत्तर 25 से 30 शब्दों में लिखिए। 4 अंक

[1] भगवाना अपने परिवार का निर्वाह कैसे करता था?
उत्तर - भगवाना कछियारी करता था।फल सब्जियां उगाकर और उनको बेच कर अपने परिवार का निर्वाह करता था ।

[2] रैदास ने अपने स्वामी को किन किन नामों से पुकारा है?

उत्तर - लाल,गरीब निवाजु, गुसाई,हरिजिउ,गोविंद

प्रश्न 04 किसी एक प्रश्न का उत्तर 50 से 60 शब्दों में लिखिए। 3 अंक

[1] लेखक ने बुढ़िया के दुख का अंदाज़ा कैसे लगाया?

उत्तर - अपने पड़ोस के संभ्रांत महिला के दुख को देखकर बुढ़िया के दुख का अंदाजा लगाया।

[2] रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर - रैदास ने अपने पदों में ईश्वर की महानता दयालुता सर्वव्यापकता तथा उदारता का चित्रण किया है। पहले पद में कवि ने अपने साथ अपने इष्ट की विभिन्न वस्तुओं के उदाहरण देकर तुलना की है। दूसरे पद में कवि ने भगवान के अपार उदारता व समदर्शिता का वर्णन करते हुए कहा है कि वह तथाकथित निम्न कुल के भक्तों को भी सहज भाव से अपना कर समाज में ऊंचा स्थान प्रदान करते हैं।

भाग 'घ' : पत्र लेखन (05 अङ्क)

प्रश्न 05 आपके छोटे भाई ने एक आवासीय विद्यालय में एक मास पूर्व ही प्रवेश लिया है।उसको मित्रों के चुनाव में सावधानी बरतने के लिए समझाते हुए एक पत्र लिखिए। 5 अंक

आरंभ व अंतिम की औपचारिकताएँ	1 अंक
विषय वस्तु	3 अंक
भाषा	1 अंक

============================ समाप्त ==============================